## एक नजर में

### स्वामी समर्थ सेवा आध्यात्तिक विकास व बाल संस्कार केंन्द्र द्वारा श्रीदत्त जयंती उत्सव गुरु चरित्र वाचन



**ईच्छापूर।** स्वामी समर्थ सेवा आध्यात्तिक विकास व बाल संस्कार केंन्द्र दिडोरी प्रणित ईच्छापूर बुरहानपुर द्वारा गुरुचरित्र पारायण का श्रीदत्त जयंती के शुभ अवसर कार्यक्रम एक एकड में प्रकाश पुंडलीक के बाडे में आयोजित किया गया है। जिसमें 30 नंवबर 2025 को नित्य साकार गिताईयाग । 1 दिसंबर 2025 को नित्य साकार कार रुद्र याग, मल्हारी याग , 4 दिसंबर को श्रीदत्त जयंती उत्सव गुरु चरित्र वाचन समाप्ती होगी। इस कार्यक्षम में सेवा मंडल द्वारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में हजारो की संख्या मे महीला एवं युवा वर्ग.भी इस पारायण में भाग ले रहे है।

### आर्ट ऑफ़ लिविंग सहज समाधि शिविर गान ज्ञान और ध्यान के मनमोहक सत्संग के साथ संपन्न



**बुरहानपुर।** आर्ट ऑफ़लिविंग सेन्टर बुरहानपुर के बहोत ही ऊर्जावान प्रशिक्षक विजय दुंम्बानी भैया के सहज समाधि टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम बैंगलोर से करके आने के बाद मध्य प्रदेश के सिनियर मोस्ट प्रशिक्षक भैया मनोज राव सर के सानिध्य में विजय भैया को संपन्न हुए सहज समाधि शिविर को असिस्ट करने का अवसर मिला। सुबह शाम के सत्र में बड़ी संख्या में साधकों ने शिविर का आनंद लिया। सहायक प्रशिक्षक और ऑर्गनाइजर के रूप में हमारे डिस्ट्रिक्रि कोर्डिनेटर यस एनर्जी के स्वामी बहुत ही निष्ठावान और समर्पित प्रशिक्षक विजय दुम्बानी भैया के अथक प्रयासों से रविवार को सहज समाधि शिविर बुरहानपुर के सुंदरनगर में स्थित श्री श्री ज्ञान मंदिर सभा ग्रह में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रविवार को गान ज्ञान और ध्यान के मनमोहक सत्संग के साथ संपन्न हुये समापन सत्र के अवसर पर साथी प्रशिक्षक संतोष देवताले, रवीन्द्र पंडित,दीपाली पंडित सहित बड़ी संख्या में वालंटियर्स और प्रतिभागी उपस्थित थे।

### क्रमिक भूख हड़ताल :सदबुद्धि हवन यज्ञ हुआ



**बुरहानपुर।** विगत माह 11 नवम्बर को हकिमी हॉस्पीटल की लापरवाही चलते असमय ही स्व5वैष्णवीचौहान की मौत हो गई डॉ रेहाना बोहरा और हॉस्पीटल के ऑपरेशन थियेटर मे ऑपरेशन के दौरान उपस्थित अपात्र डॉक्टरो के विरुद्ध दण्डात्मक कानूनन कार्रवाई हो इसलिए परिजन 01 दिसम्बर से शनवारा चौराहे पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठै है। इस क्रमिक भूख हड़ताल के 3रे दिन जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्यनारायण वाघ,मराठा सेवा संघ,श्रीईच्छैश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट लोधीपुरा,ग्रामीण कांगेस अध्यक्ष रविन्द्र महाजन,कांगेस प्रदेश महासचिव सरिता राजेश भगतएपार्षद अजय उदासीनएकांगेस पूर्वै ब् मोर्चे जिला अध्यक्ष विनोद मोरे आदी संघठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए। कांगेस कार्यकर्ताओ ने भाजपा के नेताओ की सदबुद्धि के लिए हवन यज्ञ किया।

### धूलकोट क्षेत्र के किसान अब बिजली से परेशान



**धूलकोट ।** बैठक में तहसील अध्यक्ष भाव सिंह पटेल एवं मंत्री नेपाल सिंह रावत ने बताया कि किसान फीडर पर गेहूं एवं चने की बोनी के उपरांत विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण किसान परेशान है विशेष कर धूलकोट और खातला फीडर के किसानों ने बताया कि वोल्टेज बहुत कम आ रहा है जिसके कारण मोटर बार.बार जल रही है साथ ही लाइट बार.बार ट्रिप होती है। क्षेत्र के अधिकांश ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं जिसके कारण सिंचाई में बड़ी परेशानियों का किसानों को सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष संतोष महाजन ने वरिष्ठ बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जितेंद्र पाल जी द्वारा बताया गया कि धूलकोट ग्रेड पर जल्द ही एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा जिसका काम अंतिम चरण में है,जिससे यह समस्या स्थाई रूप से समाप्त हो जाएगी। जिला अध्यक्ष संतोष महाजन ने बिजली की इस अनियमित पर असंतोष व्यक्त करते हुए जल्दी से जल्द समस्या के समाधान के लिए निवेदन किया है उन्होंने कहा कि बे मौसम बारिश अतिवृष्टि और सूखे की वजह के साथ.साथ फसलों के दाम न मिलने के कारण किसान बेहाल है । बैठक में किसानों के साथ सदस्य दलसिंह,ध्यान सिंह, गोरेलाल सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### लापरवाही की शिकायतों पर शाहपुर रेंजर सस्पेंड



**बुरहानपुर।** वन विभागीय कार्य में लापरवाही की शिकायतों के बाद खंडवा वन संरक्षक बासु कनौजिया ने शाहपुर रेंजर संजय मालवीय को निलंबित कर दिया है। विभाग ने एक दिन पहले मंगलवार को कार्रवाई की। डीएफओ ने कहा पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करने पर कार्रवाई की गई है। मामला गड़बड़ी से जुड़ा है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय खरगोन जिला मुख्यालय रहेगा। बुरहानपुर डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने बताया कि परिक्षेत्र अधिकारी संजय मालवीय ने अपने पदीय दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया। जिसके कारण खंडवा वन संरक्षक ने यह कार्रवाई की। 19 नवंबर को भी दो वनकर्मियों को सस्पेंड किया गया था। इससे पहले 19 नवंबर को भी दो वनकर्मियों को निलंबित किया गया था। इनमें शाहपुर रेंज में पदस्थ वनपाल परिक्षेत्र सहायक इच्छापुर शेख जलील शामिल थे।

# मूर्तियों को खंडित करने के मामले में विहिप,बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** ग्राम बिरोदा में शिव मंदिर में मूर्तियों को खंडित कर जिले की शांति भंग करने की घटना के संबंध में कठोरतम कार्रवाई करने की मांग को लेकर विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरेग दत जिला बुरहानुपर द्वारा एक रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय व पहुंचकर नारेबाजी करते हुवें ज्ञापन सौपा ।




ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत बिरोदा में दिनांक 29/11ण2025 को मूर्तियां तोड़ी गई शिव मंदिर का कलश तोड़ा गया। मंदिर की दीवारों को तोड़ा गया। हिंदू धर्म के आराध्या भगवान शिव जी की शिवलिंग तोड़ी गई। यह कृत्य निंदनीय है और हिंदू समाज की आस्था पर कुठाराघात है । ग्रामवासी इस घटना से अत्यंत व्यथित तथा असुरक्षित महसूस कर रहे। अत: हम इस ज्ञापन के माध्यम से निम्न बिंदुओं पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। यह की ग्राम में चल रहा अवैध मदरसे की जांच कर उसमें कौन पढ़ाता है , क्या पढ़ाता है , कही वहां पढ़ने वाले बच्चों को अवैध गतिविधियां तो नहीं सिखाई जाती है अगर ऐसा है तो मदरसे को तत्काल बंद करते हुवे उसे सिल किया जाए।साथ ही जिन व्यक्तियों ने उपरोक्त घटना को कारीत किया है उन व्यक्तियों के अवैध भवन या व्यावसायिक निर्माण को ध्वस्त किया जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि ग्राम के काजी हाउस के समीप स्थित सामुदायिक भवन में किसी भी प्रकार की गतिविधि यदि प्रशासनिक स्वीकृति के बिना संचालित हो रही है, तो उस पर कठोरतम कार्रवाई की जाए बंद किया जाए। यह की इन जिहादियों की मानसिकता क्या थी? क्या इस घटना से डर का माहौल बनाना या नगर की शांति भंग करना या अन्य कोई योजना थी इसकी जांच की जाएं।

उपरोक्त विषय पर कठोरतम कार्यवाही करते हुए आगे से इस प्रकार की घटनाएं ना हो ऐसा सुनिश्चित किया जाए,अन्यथा विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरेग दल जिला बुरहानुपर संगठन को समाज के साथ मिलकर उग्र प्रदर्शन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा , जिसमें होने वाली समस्त जन धन की हानि की जवाबदारी प्रशासन की रहेगी। इस दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष किशोर यादव ,जिला मंत्री युवराज पाटिल, जिला सयोजक रवि जी सालुंके सहित भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरेग दल जिला बुरहानुपर के प्रचार प्रसार प्रमुख दिनेश राठौड़ ने बताया कि सभी प्रखंड कार्यकर्ता , हिंदू समाज में घटना को लेकर भारी आक्रोश पनप रहा हे। क्योंकि ग्राम बिरोदा में इस प्रकार की घटनाए बार –बार घट रही है। जो सकल हिन्दु समाज को परेशान करने वाली है। आपने जिला प्रशासन से इस और विषेष ध्यान देते हुवे कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने और बार –बार की पुनरार्वति ना हो इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

## मासिक शब्दावली प्रमाण पत्र बांटे गए



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** एकलव्य आदर्श विद्यालय सातपायरी में मासिक शब्दावली प्रमाण पत्र बांटे गए। विद्यालय में बच्चों के भाषा ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन पांच नए शब्द अंग्रेजी हिंदी और संस्कृत भाषा में पूर्व निर्धारित दिनों के अनुसार लिखवा जाते हैं। प्रतिमाह इन शब्दों की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 1 दिसंबर को इस परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों की भाषाई दक्षता को बढ़ाना, शब्दों की समझ विकसित करना और शब्द भंडार को समृद्ध करना है। बुधवार को परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा प्रतिदिन नए शब्द लिखने और सीखने की आदत बच्चों की भाषा की पकड़ को मजबूत करेगी। ऐसी परीक्षाएं विद्यार्थियों में निरंतर सीखने की भावना और शब्दों के प्रति रुचि जाग्रत करती है।

## क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात : मार्गो के निर्माण हेतु 9 .50 करोड़ की स्वीकृत

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के लिए बृहद विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त करते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी है। उनके सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025.26 के बजट में दो प्रमुख ग्रामीण मार्गों के निर्माण के लिए कुल 9 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।



इस स्वीकृति पर श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीणजन लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे,जो अब पूरी होने जा रही है।

**ईच्छापुर.नागोनी मार्ग के लिए 8.50 करोड़ की मंजूरी:**–श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि ग्राम ईच्छापुर से ग्राम नागोनी तक 5 किलोमीटर लम्बे मार्ग के निर्माण के लिए 8 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इस सड़क के निर्माण से ईच्छापुर, धामनगांव, बोरसल, मोरझिरा, नांदगांव, देवला, नागोनी, गोलखेड़ा सहित कई ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को सीधे लाभ मिलेगा। यह मार्ग क्षेत्रीय आवागमन, कृषि कार्यों, बाजार पहुंच एवं आपात सेवाओं को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मंगरूल.ठाठर.बलड़ी.उतांबी. बोरी मार्ग मजबूतीकरण हेतु 1 करोड़ की स्वीकृति:**–श्रीमती चिटनिस ने बताया कि मंगरूल. ठाठर. बलडी. उतांबी. बोरी मार्ग के 4.50 किलोमीटर हिस्से के मजबूतीकरण के लिए 1 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इस सड़क के निर्माण से निंबोला, मंगरूल, ठाठर ,बलडी, उतांबी, बोरी, सराय, धुलकोट,दवाटिका, अंबा, गड़ताल, बसाली, झिरपांजरिया, परतकुंडियां, धौंड, बोरी, खामला सहित आसपास के गांवों के नागरिकों की आवाजाही में सुगमता आएगी और क्षेत्र का ग्रामीण परिवहन तंत्र सुदृढ़ होगा।अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने का उद्देश्य केवल आवागमन सुधारना नहींए बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक व सामाजिक प्रगति को तेज करना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में कई सड़कों को मंजूरी मिली है और आने वाले समय में और भी विकास परियोजनाएँ स्वीकृत कराने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहाए हमारा लक्ष्य है कि बुरहानपुर विधान सभा के प्रत्येक गांव को बेहतर सड़कों, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि सुविधाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर और आधुनिक ग्रामों की दिशा में अग्रसर किया जाए।

स्वीकृति की सूचना मिलते ही संबंधित गांवों में खुशी का माहौल है। जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रति आभार जताया।

## साइबर सेल त्वरित कार्रवाई : 8,46,935/–रुपये की राशि खाते में करवाई वापस

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** शिकायतकर्ता अजय शर्मा निवासी सुकपुरी फाटा थाना शिकारपुरा द्वारा सायबर सेल को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। शिकायत में बताया गया कि फरियादी का डेयरी प्रोडक्ट बिजनेस है जिसमे अनावेदक द्वारा फरियादी के साथ फोन पर डेयरी प्रोडक्ट की डील की गयीए फरियादी द्वारा प्रोडक्ट का पेमेंट करने के बाद समय पर डेलेवरी नही मिलने पर शक हुआ की फरियादी के साथ फ्राड हुआ है शिकायत मे आरटीजीएस ट्रांजैक्शनों के माध्यम से फ्रॉडस्टर ने पीड़ित के खाते से कुल 11,90,000/– की धोखाधड़ी कर ली।

शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी होने के बाद पीड़ित तुरंत ही सायबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुरहानपुर मे अपनी शिकायत करने पहुचे जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में सायबर सेल टीम द्वारा शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल ;छब्त्च्द्ध पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई।



पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में साइबर सेल प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुर, आरक्षक दुर्गेश पटेल,सत्यपाल बोपचे, ललित चौहान, शक्तिसिंह तोमर द्वारा विभिन्न बैंक, से निरंतर समन्वय स्थापित किया गया। टीम के त्वरित व प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप फ्रॉड की गई राशि में से 8,46,935/– को सफलतापूर्वक होल्ड कराया गया तथा विधिक एवं तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उक्त राशि पीड़ित अजय शर्मा के बैंक खाते में सुरक्षित रूप से रिफंड करा दी गई।

## अवैध गौवंश तस्करों के विरुद्ध थाना कोतवाली की प्रभावी कार्रवाई

**बुरहानपुर।** थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की कारंज बाजार की ओर से अंडा बाजार होते हुए कुछ लोग अवैध गौवंश को क्रूरतापूर्वक हाँकते हुए वध हेतू लाने वाले हैं। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी श्री सीताराम सोलंकी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराया गया बाद टीम गठित कर मुखबिर की सूचना बताएं स्थान अंडा बाजार पहुचे जहां थोडी देर बाद कारंज बाजार की ओर से 1 व्यक्ति पैदल पैदल गोंवश 02 बैल रस्सी पकडे हुये कुरता पूर्वक खींचते व रस्सी व लकड़ी की आर से मारते हुये आते दिखाई दिया। जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकडने के लिये दौडे तो वहा पर एक व्यक्ति पकडा गया व्यक्ति से उसका नाम पता पुछने पर अपना नाम अताउल मुस्तफा पिता जाकीर हुसैन उम्र 21 साल निवासी स्लाटर हाउस के पास मोमीनपुरा का रहना बताया एवं पकडे गये गोवश स्वंय वध हेतू अपने घर ले जाना बताया जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 230/2025 धारा 4, 6, 9 म.प्र.गौवंश वंध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं 11 घ पशुओ के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम का कायम किया गय ।



इस कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरी.सीताराम सोलंकी, प्रधान आरक्षक दारासिंह, ज्ञानेश्वर चौधरी, राकेश शर्मा,राजकुमार पटेल, मातादीन कुशवाह की सराहनी भूमिका रही।

## कलेक्टर एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा हेतु पहुंचे हितग्राही के खेत में

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह बुधवार को खकनार जनपद पंचायत अंतर्गत दौरे पर रहे। इस दौरान ग्रामपंचायत ताजनापुर में विकासात्मक गतिविधियों का जायजा लिया।

**एक बगिया मां के नाम योजना की समीक्षा:**–जिले में शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री सिंह ने शासन की महत्वपूर्ण योजना एक बगिया मां के नाम के तहत हितग्राही रमीबाई लक्ष्मण के खेत में लगाए गए संतरे के पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने पौधों की संख्या, वृद्धि और देखभाल की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायत के तहत मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने पेयजल उपलब्धता पर भी चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया।



**निर्माणाधीन कार्यों की देखी प्रगति:**–निरीक्षण की कड़ी में कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन किया। यह केंद्र जल्द तैयार होकर ग्रामीणों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा। वहीं निर्माणाधीन पंचायत भवन का कार्य,उसकी गुणवत्ता तथा डिज़ाइन का भी गहन अवलोकन किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने स्थानीय शाला का निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने बच्चों से बातचीत की। निरीक्षण की श्रृंखला में कलेक्टर हर्ष सिंह ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास देखकर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की।

**मार्च 2026 तक बनकर तैयार होगा 50 सीटर डिग्रीकॉलेज:**–इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने खकनार में निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन का जायज़ा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ताए गति और डिज़ाइन की समीक्षा की तथा अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कॉलेज भवन तैयार होने से क्षेत्र में उच्च शिक्षा सुविधाओं का और अधिक विस्तार होगा। विदित है किए खकनार में 50 सीटर डिग्रीकॉलेज का कार्य निर्माणाधीन हैए जिसके मार्च 2026 तक कार्य पूरा होने की संभावना है।

## सेवासदन कॉलेज में गीता महोत्सव कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर में गीता जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय गीता महोत्सव का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान भगवत गीता व श्री कृष्ण के आदर्शो का उल्लेख किया गया। प्रो. भरत रावल ने भगवत गीता के बारे में अपने विचार व्यक्त कर श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये अमूल्य ज्ञान का हमारे दैनिक जीवन में महत्ता के बारे में बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेष काले ने कहा कि भगवत गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं है बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है, यह गीता महोत्सव समाज में ज्ञान, कर्त्तव्य, अनुषासन और सकारात्मकता का वातावरण बनाने का माध्यम बनेगा। महाविद्याल की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा कु. नंदिनी राजेन्द्रसिंह मौर्य ने भी गीता महोत्सव पर अपने जीवन में गीता का आश्रय लेने हेतु प्रेरित किया। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव हसमुख लाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल ने गीता जयंती की सभी को बधाई प्रेषित की। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद् शाहपुर ने अभियान चलाया



**नवभारत न्यूज,**

**शाहपुर।** नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी के आदेशानुसार तथा मु.न.प.अधिकारी दिलीप चौहान के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर परिषद शाहपुर द्वारा हरा गीला,सूखा नीला अभियान नगर मे चलाया गया जिसमे रहवासियों के घर घर जाकर कचरे को स्त्रोत पर पृथक कर कचरा गाड़ी में अलग अलग देने, गिले हरे कचरे से होम कम्पोस्टिंग बनाने के बारे में जानकारी दि गई । नगर में नागरिको से वाहनों में कचरा देते समय जागरूक कर कचरा अलग अलग रखकर गाड़ियों मे अलग अलग देने हेतु जागरूक किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को दृष्टीगत रखते हुवे अध्यक्ष साधना वीरेंद्र तिवारी द्वारा वार्डवासियो को जागरूक कर गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग से जैविक खाद बनाने की विधि एवं जानकारी दी गई !इस अवसर पर नोडल अधिकारी, सफाई दरोगा विनोद इंगले, बालू जंजाल, रविन्द्र ससाने, न.पा.कर्मचारी एवं एन जी ओ टीम एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

**एक नजर** शास्त्रों के आश्रय में जिया जीवन दिव्य एवं समाज के लिए आदर्श बन जाता है।

## हमारा ग्रंथ हमें जीने की कला सिखाता है, हमें शास्त्रों का अध्यन जरूर करना चाहिए : श्री मुखिया

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** गायत्री नगर में भागवत भूषण श्री हरिकृष्ण मुखिया जी ने बताया हमें शास्त्रों से प्रेरणा लेनी चाहिए हमारा ग्रंथ हमें जीने की कला सिखाता है इसलिए जहां तक बने हमें शास्त्रों का अध्यन जरूर करना चाहिए । शास्त्र हमारे पथ प्रदर्शक हैं। शास्त्रों के आश्रय में जिया गया जीवन स्वयं में दिव्य एवं समाज के लिए एक आदर्श बन जाता है। शास्त्र दीर्घजीवी नहीं बनाते पर दिव्यजीवी बना देते हैं। शास्त्रों के निरंतर आश्रय से ही मनुष्य के भीतर सद्गुणों एवं श्रेष्ठ गुणों का अंकुरण होता है।



श्रीमद् भागवत सत्य को देने वाला ग्रंथ है। सत्यं परं धीमहि अर्थात् उस परम सत्य तक हमें पहुँचाने वाला ग्रंथ। श्रीरामचरित मानस सब को देने वाला ग्रंथ है। सिया राम मय सब जग अर्थात् सब के भीतर उस परम ब्रह्म उन युगल छवि को प्रतिष्ठित अथवा तो प्रतिबिंबित कराने वाला ग्रंथ है।

श्रीमद् भगवद्गीता सम को देने वाला ग्रंथ है। समत्वं योग उच्यते। प्रत्येक परिस्थिति में सम अथवा तो एक रुप बने रहने की प्रेरणा अथवा तो अपने कर्तव्य पथ पर निष्काम भाव से अडिग बने रहने की प्रेरणा देने वाला ग्रंथ गीता है। सबके प्रति समत्व का भाव रखते हुए सत्य की प्राप्ति का निरंतर प्रयास ही सदग्रंथों की प्रमुख सीख है।

सोचना सोचते ही रहना एक रोग है,जो इस रोग से मुक्त है, वही स्वस्थ है, वही धन्य है। जो अपनों को समय देने मे तैयार है वह सब पाने का हकदार हो जाता है। ऐसे सुनें जैसे पहली बार सुन रहे हों। ना में भी जवाब दें, कभी ऐसा न करें जैसे जानते हों, स्वार्थी न बनें और न ही बहुत नीचे गिरें, विनम्रता और समझदारी से बात करें, किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी न रखें, अपने गुस्से पर काबू रखना सीखें, सावधान रहें और खुद को हर खतरे से दूर रखें। धैर्य से प्रतीक्षा करें और शांत रहें। जीवन में हमें रिश्ते विरासत में मिलते हैं विश्वास कमाया जाता है अच्छे लोग भाग्य से मिलते हैं दोस्ती को कमाया जाता है शब्द लोगों से मिलते हैं मिठास बनाई जाती है आदतें अपनों से मिल जाती है परंतु संस्कार बनाए जाते हैं परिस्थितियों आपके जितनी तोड़ती है उससे कहीं ज्यादा आपको परिस्थितियों मजबूत बना देती है।

समय किसी का सगा नहीं हो सकता परंतु समय को देखते हुए सभी सगे हो जाते हैं समय.समय की बात है कल जो धूप से आपको परेशानी होती थी आज इस धूप में आपको सुकून मिल रहा है बस भागवत जीने की कला है जीवन की के सा जिया जाए यह भागवत सिखाती है आज बहुत दुख होता है कि उसने आत्महत्या कर ली क्योंकि उसने ग्रन्थ का अध्ययन नहीं किया था इसलिए अध्ययन करने से जीने की कला मिलती है । भागवत में होली एवं फुल्ल फाग मनोरथ में सभी भक्तोने नृत्य कर उत्सव आनंद लिया।